भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-25
उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्वी और पश्चिमी परिसर

25. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली विश्वविद्यालय के सूरजमल विहार स्थित पूर्वी परिसर और द्वारका स्थित पश्चिमी परिसर, जिसकी आधारशिला हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी, की योजना का ब्यौरा क्या है;
(ख) इन परिसरों पर कुल कितनी धनराशि व्यय किया जाना प्रस्तावित है; और
(ग) इन परिसरों में कुल कितने छात्रों के प्रवेश लेने की संभावना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): सुरजमल विहार स्थित पूर्वी परिसर और द्वारका स्थित पश्चिमी परिसर का निर्मित क्षेत्र क्रमशः लगभग 59,618 वर्ग मीटर और 19,434.28 वर्ग मीटर और इसकी अनुमानित लागत क्रमशः 373 करोड़ और 107 करोड़ रुपए है। साथ ही दोनों परिसरों में 10,120 विद्यार्थियों के ठहराने की सुविधा अपेक्षित है, जो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए पूर्णतः सुलभ सुविधाओं से सुसज्जित होंगे।

*****